सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

संदेश

स्वापक नियंत्रक ब्यूरो द्वारा 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस' के उपलक्ष्य में 12 से 26 जून, 2025 तक आयोजित 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई।

नशीली दवाओं का दुरुपयोग एवं इनकी अवैध तस्करी हमारे समाज के समक्ष एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर कर सामने आई है। इससे न केवल व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक क्षमताएं क्षीण होती हैं, बल्कि पारिवारिक विघटन, सामाजिक अपराध एवं आतंकवाद जैसी समस्याएं भी बढ़ती हैं। ऐसे में इस गंभीर संकट से मुक्ति के लिए व्यापक जन-भागीदारी अनिवार्य है।

नशा मुक्त भारत बनाने के लिए निरंतर जागरूकता बढ़ाने, युवाओं को शिक्षित करने और पुनर्वास के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। यह देखना सुखद है कि इस दिशा में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संगठन व विभिन्न संस्थाएं प्रभावी योगदान दे रही हैं। इस कड़ी में स्वापक नियंत्रक ब्यूरो द्वारा अवैध तस्करी के विरुद्ध किए जा रहे सशक्त प्रयास सराहनीय हैं।

अमृत काल में एक भव्य व विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर प्रयासों को आगे बढ़ाना हमारा सामूहिक दायित्व है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह विशेष दिवस जन-जन को इस समस्या के विरुद्ध सजग करेगा और 'नशा मुक्त भारत' के संकल्प को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।

इस पुनीत उद्देश्य से जुड़े सभी कर्मियों, संगठनों और जागरूक नागरिकों को भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

नमो मोदी

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
आषाढ़ 03, शक संवत् 1947
24 जून, 2025